# महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय

मध्यप्रदेश अधिनियम क्रमांक 37 वर्ष 1995 द्वारा स्थापित एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू जी सी) की धारा 2(f) के अन्तर्गत सूचीबद्ध


क्रमांक: ......................

दिनांक: 10/06/2021

## कार्यवृत (Minutes)

महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक दिनांक **10/06/2021** को समय **मध्यान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 1:30 बजे तक** ऑनलाईन सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में निम्नांकित सदस्य उपस्थित रहें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **1. प्रो. भुवनेश शर्मा** | **—** | **कुलपति** | **अध्यक्ष** |
| **2. श्री अरविंद सिंह राजपूत** | **—** | **कुलसचिव** | **विशेष आमंत्रित सदस्य** |
| **3.** श्री बी.के.शुक्ला | — | | सदस्य |
| **4.** श्री संदीप शर्मा | — | | सदस्य |
| **5.** डॉ.मनीष खरे | — | | सदस्य |
| **6.** डॉ. मानवेन्द्र पाण्डेय | — | | सदस्य |
| **7.** डॉ. श्रीपाल चौहान | — | | सदस्य |
| **8.** श्री सीमान्त शर्मा | — | | सदस्य |
| **9.** श्री राजेश तिवारी | — | | सदस्य |
| **10.** डॉ.उमाशंकर तिवारी | — | | सदस्य |
| **11.** श्री हरिनारायण शर्मा | — | | सदस्य |
| **12.** श्री सतीष तिवारी | — | | सदस्य |
| **13.** सुश्री साक्षी मिश्रा | — | | सदस्य |
| **14. प्रो. ओमनारायण तिवारी** | **—** | | **समन्वयक** |

ऑनलाइन बैठक की कार्यवाही के प्रारंभ में माननीय, अध्यक्ष महोदय ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया, तत्पश्चात ऑनलाईन बैठक की कार्यवाही पर बिन्दुवार विचार–विमर्श कर निम्नलिखित निर्णय लिये गये।

**पद क्र 1.** विश्वविद्यालय के कोरोना महामारी के कारण दिवंगत सदस्यों को मौन श्रद्धांजलि अर्पण।

**निर्णय–** **सादर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।**


मुख्यालय:- करौंदी, पोस्ट-महनेर, जिला-कटनी:-(मध्य प्रदेश)-483332 • फोन:- 9981994424, 9755038115
प्रशासनिक कार्यालय:- लमती, विजय नगर, जबलपुर :-(मध्य प्रदेश)-482002 • फोन:- 0761-2637213, 2637216, 2637217
**E-mail :-** mmyvvregistrar@gmail.com • **Website :-** www.mmyvv.com, mmyvvdde.com, • फैक्स:- 0761-4071151

पद क्र 2. आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक दिनांक 04/03/2021 के कार्यवृत्त का संपुष्टिकरण।

निर्णय– **सर्वसम्मति से संपुष्टि की गई।**

पद क्र 3. विश्वविद्यालय के उन्नत भारत अभियान प्रकोष्ट के द्वारा गोद लिए गए गावों में Covid-19 से बचाव हेतु टीकाकरण में ग्राम पंचायत के साथ सहभागिता।

निर्णय– **सूचना प्राप्त की गई।**

पद क्र 4. विश्वविद्यालय के योग विभाग द्वारा सत्र 2019–20 में DET में चयनित छात्रों हेतु दिनांक 23/04/2021 से 22/10/2021 तक शोध हेतु ऑनलाइन कोर्सवर्क प्रारंभ किया गया।

निर्णय– **सूचना प्राप्त की गई।**

पद क्र 5. विश्वविद्यालय के योग विभाग एवं अन्य नॉलेज पार्टनर के संयुक्त तत्वाधान में भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद् के प्रायोजकत्व में आयोजित विश्व दर्शन दिवस के उपलक्ष्य में 17/03/2021 से 18/03/2021 तक **Philosophy of Yoga, Aurveda & Holistic Health** विषय पर **International Virtual Celebration** का आयोजन किया गया।

निर्णय– **सूचना प्राप्त की गई।**

पद क्र 6. विश्वविद्यालय द्वारा जुलाई 2019 से 30 जून 2020 तक की विश्वविद्यालय की गुणवत्ता आश्वासन रिपोर्ट (AQAR) NAAC को प्रेषित की गई।

निर्णय– **सूचना ग्रहण की गई एवं सतत् उन्नयन हेतु निर्देशित किया गया, तथा NACC के 7 प्वाइंट पर प्रशिक्षण करवाये जाने हेतु निर्देशित किया गया।**

पद क्र 7. संयुक्त विश्वविद्यालय के योग विभाग, IQAC, NSS एवं उन्नत भारत अभियान (UBA) के तत्वाधान में "विश्व तंबाकू निषेध" दिवस पर शपथ ग्रहण समारोह 31/05/2021 को ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया गया।

निर्णय– **सूचना प्राप्त की गई एवं सभी अन्तर्राष्ट्रीय दिवस मनाने हेतु तथा भावातीत ध्यान को जन–जन तक पहुचाने हेतु निर्देशित किया गया।**

पद क्र 8. विश्वविद्यालय में वेद विभाग द्वारा 5 जून 2021 को विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण का अयोजन किया गया।

मुख्यालय:– करौंदी, पोस्ट–महनेर, जिला–कटनी:–(मध्य प्रदेश)–483332 • फोन:– 9981994424, 9755038115
प्रशासनिक कार्यालय:– लमती, विजय नगर, जबलपुर :–(मध्य प्रदेश)–482002 • फोन:– 0761-2637213, 2637216, 2637217
E-mail :- mmyvvregistrar@gmail.com • Website :- www.mmyvv.com, mmyvvdde.com, • फैक्स:– 0761-4071151

निर्णय– **सूचना प्राप्त की गई एवं औषधीय पौधो के रोपण हेतु निर्देशित किया गया। तथा वेद विभाग को नक्षत्र वाटिका बनाने हेतु कहा गया।**

पद क्र 9. योग विभाग को भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय के अन्तर्गत अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् की अटल योजना में स्किल डेवलपमैंट विषय में FDP हेतु चयन किया गया।

निर्णय– **सूचना प्राप्त की गई। मान्यनीय कुलपति महोदय ने समस्त विभागाध्यक्षों एवं प्रशासनिक अधिकारी श्री संदीप शर्मा के साथ समिति गठित कर इस कार्य की गुणवत्ता को उच्चस्तरीय बनाने का निर्देश दिया जिससे भविष्य में इस प्रकार के और प्रशिक्षण प्रयोजित हो सकें। सभी विभागाध्यक्ष अपने विषय के ज्ञान के संबंध में महर्षि जी के ज्ञान की अवधारणा के संबंध में लेख तैयार कर सीमांत शर्मा और कोऑर्डिनेटर IQAC को प्रेषित करें।**

पद क्र 10. योग विभाग द्वारा प्रस्तावित विश्वविद्यालय में ITC Tools के निर्माण हेतु एक स्टूडियो का निर्माण करवाये जाने पर विचार।

निर्णय– **निर्णय लिया गया कि मान्यनीय कुलसचिव महोदय जी इस विषय पर संभावनाओं के साथ विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत करेंगे।**

पद क्र 11. संयोजक IQAC द्वारा शैक्षणिक सत्र 2021–22 हेतु विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता हेतु प्रस्तुत कार्य योजना पर विचार।

निर्णय– **IQAC द्वारा सत्र 2021–22 हेतु निम्नांकित कार्य योजना प्रस्तुत की गई जिसे सर्व सम्मति से लागू करने का निर्णय लिया गया।**

1. **शैक्षणिक सत्र 2021–22 का कैलेण्डर शीघ्र जारी किया जाना।**
2. **विश्वविद्यालय के सभी विभागों द्वारा राष्ट्रीय/अर्न्तराष्ट्रीय सेमिनार कांन्फ्रेंस वर्कशॉप के अधिकाधिक आयोजन किये जावें।**
3. **विश्वविद्यालय की सभी फैकल्टी को AQAR से संबंधित जानकारी एवं महत्व पर अधिकाधिक अभ्यास सत्रों का आयोजन करवाया जाना।**
4. **नैक मूल्यांकन हेतु अन्य उच्च गुणवत्ता युक्त विश्वविद्यालयों के सथ यू.जी.सी. के दिशा निर्देशों के पालन के सबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन कों अवगत करवाना।**
5. **महर्षि जी के ज्ञान के परिप्रेक्ष में व्याख्यान श्रंखालाओं के अधिकाधिक आयोजन को बढ़ावा देना।**

6. LMS को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु वि. वि. प्रशासन के साथ समन्वयन स्थापित करना।
7. CBCS प्रणाली को नये सत्र में अधिकाधिक अपनानें हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन को कार्ययोजना बनाने हेतु ध्यानाकर्षण करवाना।
8. नये रोजगार मूलक पाठ्यक्रमों को शुरू करवाने पर जोर देना।
9. कौशल विकास को नये पाठ्यक्रमों के प्रोत्साहन एवं बढ़ावा देना।
10. विश्वविद्यालय के कर्मचारियों की दक्षता बढ़ाने हेतु प्रशिक्षण को बढ़ावा देना। जिससे कार्यालयीन प्रबंधन एवं डाकूमेंटेशन में और अधिक गुणवत्ता प्राप्त की जा सकें।
11. नव उन्मेषकारी कार्यो हेतु सभी विभागाध्यक्षों की प्रत्येक माह एक चितंन बैठक आयोजित करवाना।
12. विश्वविद्यालय सेवा में उपलब्ध सुविधाओं का अधिकाधिक दोहन एवं अधिकाधिक सेवालाभ को सुनिश्चित करवाना।
13. विश्वविद्यालय की क्षेत्रीय उपयोगिता एवं जनसहयोग हेतु प्रभावी कदम उठाना एवं राष्ट्रीय स्तर पर इसके महत्व को रेखांकित करने का प्रयास करना।

पद क्र 12. माननीय कुलपति महोदय जी द्वारा निर्देषित AQAR 2020–21 के संदर्भ में योजना के संबंध में विचार।

निर्णय– **AQAR रिपोर्ट तैयार करने हुतु सभी विभागाध्यक्ष, IQAC कोऑडिनेटर प्रशासनिक अधिकारी श्री बी.के. शुक्ला एवं श्री विकास सिन्हा वरिष्ठ कार्यालय सहायक की समिति कार्य करेगी।**

पद क्र 13. माननीय कुलपति महोदय जी द्वारा निर्देषित सभी विभागों के अध्ययन मण्डल की पूर्व बैठक एवं आगामी बैठक की योजना तथा MOOC एवं स्वयं पोर्टल के उपयोग की स्थिति पर विचार

निर्णय– **1.निर्णय लिया गया कि सभी विभागाध्यक्ष अध्ययन मण्डल की बैठक प्रत्येक नवीन सत्र् के पूर्व एवं आवश्यकतानुसार समय–समय करेगें।**

**2. विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों के अनुसार MOOC एवं स्वयं पोर्टल पर उपलब्ध पाठ्यक्रम की सूचना श्री मनीष खरे जी के सहयोग से श्री सीमांत शर्मा जी कम्प्यूटर साइंस विभाग सभी विभागों एवं संबंधितो को उपलब्ध करायेगें तथा विश्वविद्यालय इस प्लेटफॉर्म से कैसे MOU या सेवायें ले सकता है इसकी**

जानकारी एकत्र कर आगामी बैठक में प्रस्तुत करेगें।

**पद क्र 14.** अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिंदुओं पर विचार।

**निर्णय–** 1. IQAC की एवं अन्य बैठकों के पूर्व 5 से 10 मिनिट ध्यान, ध्यान शिक्षक द्वारा करवाया जाना अनिवार्य किया जावे इस हेतु ध्यान शिक्षक को सूचित किया जावे।

2.शैक्षणिक सत्र् 2020–21 का कैलेण्डर बनाने हेतु परिसर प्रभारी एवं एक प्रशासनिक सदस्य के साथ म.प्र. शासन के दिशा निर्देशो के अनुरूप तैयार किया जावें।

3. विश्वविद्यालय में अधिक से अधिक कार्यक्रमों को CBCS प्रणाली के अर्न्तगत संचालित किया जावें।

4. पी.जी. डिप्लोमों योग पाठ्यक्रम के संचालन में महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ के कुलसचिव महोदय एवं MOU निष्पादित करेगें जिसे ध्यान एवं सिद्धि शिक्षकों को जो पी.जी. डिप्लोमा योग करना चाहते है क्रेडिट ट्रांसफर का लाभ दिया जा सके।

5.श्री विकास सिन्हा वि.वि. में आयोजित सभी कार्यक्रमों को यू.ट्यूब से डाउनलोड कर अपने चैनल में उपलब्ध करवायेंगे।

6. IQAC समिति की छात्रा सदस्य श्री साक्षी मिश्रा ने छात्रों को लॉकडाउन के समय उपलब्ध सुविधाओं हेतु विश्वविद्यालय का धन्यवाद किया एवं विश्वविद्यालय में ऑफलाइन शिक्षण भी सप्ताह में एक या दो दिन प्रारंभ करने का अनुरोध किया। मान्यनीय कुलसचिव जी ने इस पर विचार का आश्वासन दिया।

7. ज्योतिष विभाग के अध्यक्ष प्रो. मानवेन्द्र पाण्डे के फैकल्टी डेवलपमैंट के विचार पर ध्यान देने का आश्वासन दिया गया।

बैठक में कुलसचिव महोदय की उपस्थिति हेतु मान्यनीय कुलपति महोदय ने विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया एवं सभी सदस्यों को उपस्थिति एवं सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापति करते हुए बैठक सम्पन्न हुई।

माननीय कुलपति महोदय

प्रो. ओमनारायण तिवारी
संयोजक
आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन
प्रकोष्ठ (IQAC)